M/s. SHANTA
SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind
Shreeram Cinema,
Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# दैनिक धनुष धारी

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-32, अंक 171, उल्हासनगर,
बुधवार 18 जून 2025 ( पृष्ठ 6 )

Mob. No. 9325937797

E-mail Add.:- newsddd@gmail.com
dailydhanushdhari@yahoo.com

Post Regd No.THC/111/2024-2026
*RNI No. 68359/93,*

dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com




## उल्हासनगर परिमंडल 4 में 1201 प्रलंबित मामलों का निपटारा




### पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर परिमंडल 4 के अंतर्गत पुलिस थानों में दर्ज प्रलंबित आपराधिक मामलों की संख्या अधिक होने के चलते 4 जून 2025 से 15 जून 2025 तक 'गुन्हे निर्गती विशेष अभियान - 1.0' चलाया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित और प्रभावी निपटारा करना था। अभियान के दौरान परिमंडल के सभी पुलिस थानों में निर्गती पथक गठित किए गए। इस मुहिम में कुल 1201 प्रलंबित मामलों का निस्तारण किया गया। अंबरनाथ पुलिस स्टेशन ने सर्वाधिक मामले निपटाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस विशेष उपलब्धि में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की महिला पुलिस सिपाही भाग्यश्री तुक्कावा दशरथ आंबीगार ने अकेले 170 मामलों का निपटारा कर सराहनीय योगदान दिया। उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्य पुलिस थानों में गठित पथकों ने भी सराहनीय कार्य किया, जिसमें दूसरा स्थान हीललाइन पुलिस स्टेशन तथा तीसरा स्थान उल्हासनगर पुलिस स्टेशन ने प्राप्त किया। अभियान के समापन पर मंगलवार 17 जून को रोटरी क्लब मिडटाउन हॉल, उल्हासनगर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिमंडल 4 के सभी पुलिस स्टेशनों के प्रभारी अधिकारी, अपराध शाखा के निरीक्षकगण तथा अन्य अमलदार उपस्थित रहे।

## उल्हासनगर मनपा चुनावः प्रभाग रचना की शुरूआत

### मैदानी स्तर पर सर्वे और टीम गठन के निर्देश



उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर महानगरपालिका को नगर विकास विभाग, महाराष्ट्र सरकार से 'डी' श्रेणी के नगर निगमों की ड्राफ्ट प्रभाग संरचना तैयार करने के संबंध में आदेश प्राप्त हुए हैं। चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों और प्रभाग संरचना नियमों के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि ड्राफ्ट प्रभाग संरचना तैयार करते समय, इसकी गोपनीयता बनाए रखी जानी चाहिए और नियमों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। तदनुसार, 16 जून को शाम 4.30 बजे उल्हासनगर महानगरपालिका (वर्ष 2025) की ड्राफ्ट प्रभाग संरचना योजना की तैयारी के संबंध में महानगरपालिका मुख्यालय स्थित स्थायी समिति हॉल में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ.किशोर गवस के मार्गदर्शन में एक बैठक आयोजित की गई थी। नगर विकास विभाग के निर्देशानुसार ड्राफ्ट संरचना योजना तैयार करने के लिए एक समिति के गठन के बारे में उल्लेख किया गया है। तदनुसार, उल्हासनगर महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र के भीतर योजना तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था।

अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस ने जनगणना की जानकारी एवं प्राकृतिक कारकों को ध्यान में रखते हुए प्रभागों के गठन के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को मार्गदर्शन, निर्देश एवं हिदायतें दी तथा इस हेतु गूगल मैप का उपयोग करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर निरीक्षण कर प्रभागों के गठन हेतु सीमारेखा तैयार करना, चुनाव कार्य हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति करना, वार्डों के नक्शे तैयार करना, प्रभागों के गठन का प्रारूप तैयार कर उस पर आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करना तथा तत्पश्चात इस संबंध में सुनवाई निर्धारित कर प्रभागों का अंतिम गठन चुनाव आयोग को प्रस्तुत करना शामिल है। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस, उपायुक्त (चुनाव) स्नेहा कर्पे, सहायक आयुक्त (चुनाव) अजय साबले, कार्यपालन अभियंता अशोक घुले, उप अभियंता (सेवानिवृत) अश्विनी आहूजा, उप अभियंता महेंद्र धिंडे, कनिष्ठ अभियंता संजय पवार, परमेश्वर बुडगे, अश्विनी गरजे, हर्ष बोंबले, संजय बांगड़, सुशांत पेवेकर, सुमेश चौगले और अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिजली के तारों पर गिरा एक विशालकाय पेड़, टला हादसा

उल्हासनगर (नि.स.)। हर साल मानसून के दौरान उल्हासनगर में पेड़ों के गिरने की घटनाएं सामने आती है. इसी कड़ी में इस साल भी पेड़ों के गिरने का सिलसिला शुरू हो चुका है. कुछ दिन पहले कैंप एक और कैंप दो के परिसर में दो जगहों पर पेड़ गिरे थे अब एक बार फिर कैंप एक में एक विशाल पेड़ गिरने की घटना सामने आई है।

खबर है कि सोमवार देर शाम 8 बजे कैंप एक, 24 स्कूल के पास माता मंदिर के प्रांगण में स्थित एक विशाल और पुराना पेड़ बिजली के तारों पर गिरते हुए शेड पर गिर गया. इससे बिजली के दो खंभे भी झुक गए. गनीमत ये रही कि कोई हादसा नहीं हुआ. लेकिन पूरे परिसर में बिजली सेवा बाधित हो गई. उधर स्थानीय लोगों ने पेड़ गिरने की सूचना भाजपा नेता अजित सिंह लबाना को दी और उन्होंने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचित किया और मौके पर दमकलकर्मी वहां पहुंचे और पेड़ों को काटकर वहां से हटाया।



## सड़क पर गड्ढों के चलते दोपहिया वाहन पर सवार दंपत्ति हुए दुर्घटना के शिकार



उल्हासनगर (नि.स.)। वर्षों से उल्हासनगर शहर में सड़कों की हालत दयनीय अवस्था में है और दुर्घटनाओं को निमंत्रण देती रहती है। अबतक दर्जनों लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं जिसमें कुछ लोगों की मौत तक हो चुकी है। आश्चर्य इस बात का है कि मनपा द्वारा करोड़ों रुपया खर्च करने के बावजूद सड़कें बदहाल हैं। इस बीच रविवार को व्यस्त कल्याण-बदलापुर मार्ग पर गड्ढों के कारण एक दंपत्ति दोपहिया वाहन से गिर गए। दंपत्ति के साथ उनका छोटा बच्चा भी था, लेकिन गनीमत ये रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। आए दिन सड़कों पर गड्ढों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर नागरिकों में महानगर पालिका के प्रति आक्रोश व्याप्त है। पहले भी मनपा की लापरवाही के कारण गड्ढों में गिरने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से एक दुर्घटना में दो लोगों की जान भी जा चुकी है।

आपको बता दें कि पिछले दो वर्षों से उल्हासनगर में भूमिगत सीवर और अन्य कार्यों के लिए मुख्य और आंतरिक सड़कों को खोदा गया है। इसके कारण खोदे गए गड्ढों और खराब सड़कों के कारण पिछले वर्ष कई छोटी और गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके खिलाफ नागरिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने के बावजूद मनपा प्रशासन ने गड्ढों को भरने या सड़कों की मरम्मत करने पर ध्यान नहीं दिया है। रविवार को कैंप तीन, 17 सेक्शन परिसर में कल्याण-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर एक दंपत्ति जब अपने दोपहिया वाहन पर जा रहे थे, तभी उनका दोपहिया वाहन सीमेंट की सड़क और किनारे पर गड्ढों के कारण फिसल गया। जिससे वे सड़क पर गिर गए। पीछे बैठी महिला की गोद में एक छोटा बच्चा था, लेकिन दोपहिया वाहन की गति कम होने से बड़ा नुकसान टल गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। नागरिकों ने मांग की है कि शहर में सड़कों में हुए गड्ढों को तुरंत भरा जाए।

## सुभाष व सुवर्णा सालुंके द्वारा आयोजित करियर कैंप में उमड़ी छात्रों की भीड़



अंबरनाथ (नि.स.)। शिवसेना के पूर्व नगरसेवक व विद्यार्थी मित्र सुभाष सालुंके व संवाद फाउंडेशन द्वारा 10वीं, 12वीं और 15वीं पास छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे। 14 जून को वडवली सेक्शन स्थित रोटरी क्लब हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध करियर मार्गदर्शक आतिश कुलकर्णी और प्रसन्ना हार्डिकर ने विभिन्न पाठ्यक्रमों, करियर चयन, व्यक्तित्व विकास व प्रतियोगी परीक्षाओं पर प्रभावी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर शिवसेना कल्याण जिलाध्यक्ष गोपाल लांडगे व शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे उपस्थित रहे और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

118 सफल विद्यार्थियों को करियर स्टेप्स की पुस्तक, प्रमाणपत्र व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. नाजिम शेख, प्रो. यासीन शेख, प्रो. बाला मुदली आर., संवाद फाउंडेशन, शिवसेना महिला आघाड़ी व अन्य कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन दिनेश मोरे और मानसी सालुंके ने किया, जबकि संयोजन सुवर्णा सालुंके (अध्यक्ष, संवाद फाउंडेशन व एसईओ) ने किया। सालुंके ने बताया कि राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के सहयोग से स्थापित अंबरनाथ का यूपीएससी भवन, महाराष्ट्र का 5वां सरकारी प्रशिक्षण केंद्र है, जिससे अब तक 25 छात्र लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने छात्रों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

## समय सीमा से अधिक समय तक महिला वेटरों को रखने वाले

### हीरामोती बार एंड रेस्टोरेंट के खिलाफ मामला दर्ज

उल्हासनगर (नि.स.)। समय सीमा से अधिक समय तक महिला वेटरों को रखने के मामले में सरकारी नियमों का उल्लंघन मानते हुए उल्हासनगर के हीरामोती बार एंड रेस्टोरेंट के खिलाफ मध्यवर्ती पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया गया है. जानकारी के अनुसार राज्य उत्पादन शुल्क विभाग, कल्याण-2 द्वारा 9 मई 2025 को ये आदेश जारी किया गया है कि किसी बार में 8 महिला वेटरों को रात साढ़े नौ बजे तक ही रखा जा सकता है।

सोमवार रात करीब दस बजे मध्यवर्ती पुलिस ने उल्हासनगर के कैंप तीन, अंबरनाथ-कल्याण रोड पर हीरामोती बार एंड रेस्टोरेंट में पाया कि बार के मालिक/मैनेजर चंद्रशेखर परमेश्वर शेट्टी (48) ने 8 महिला वेटरों को अपने बार में 9 बजाकर 50 मिनट तक रखा हुआ है. जिसके बाद शेट्टी के खिलाफ मध्यवर्ती पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया गया. आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक राकेश शेवाले कर रहे हैं।

## बिल्डिंग निर्माण के दौरान मिट्टी ढही मलबे में दबकर मजदूर की मौत

मुंबई (नि.स.)। मुंबई के पश्चिमी उपनगर अंधेरी के मरोल इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत स्थल पर मिट्टी धंसने के कारण मलबे के ढेर के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरे मजदूर को बचा लिया गया और उसका इलाज चल रहा है। मृतक मजदूर का नाम सोनेलाल प्रसाद है और वह 27 साल का था। बता दें कि मुंबई में सोमवार सुबह से भारी बारिश जारी है। इसके कारण मरोल पाइपलाइन क्षेत्र में एक इमारत के निर्माण के दौरान मिट्टी धंस गई। मरोल इलाके में लीला बिजनेस पार्क फेज टू नामक नई इमारत का निर्माण चल रहा है। इस जगह पर चार मजदूर काम कर रहे थे।

सोमवार शाम को इस निर्माणाधीन इमारत स्थल पर की मिट्टी धंस गई और दो मजदूर मिट्टी के ढेर के नीचे दब गए। मिट्टी के ढेर के नीचे फंसे दोनों मजदूरों को दमकल कर्मियों ने बचा लिया। घायल मजदूरों को इलाज के लिए कूपर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज से पहले सोनेलाल प्रसाद नाम के मजदूर की मौत हो गई। उधर मुंबई महानगरपालिका ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और फ़िलहाल इमारत के निर्माण को बंद करने का आदेश दिया है।

## ऑन लाइन मटका जुगाड़ अड्डे पर छापा, चार धराए

### स्थानीय पुलिस को नहीं थी खबर?

उल्हासनगर (नि.स.)। भिवंडी अपराध शाखा ने उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र में एक ऑन लाइन मटका जुगाड़ अड्डे पर छापा मारकर जुआ का अड्डा चलाने वाले और खेलने वाले कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया जिन्हें बाद में निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी अपराध शाखा को जानकारी मिली थी कि हिल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के कैंप पांच, नेताजी चौक पर साईं आर्केड बिल्डिंग के दुकान नंम्बर 53 में एक ऑन लाइन मटका जुगाड़ का अड्डा चल रहा है। जिसके बाद पुलिस ने वहां छापा मारकर जुआ अड्डा के मैनेजर शंखु वंडार जाधव (27), कंप्यूटर ऑपरेटर बरकतली शौकत अली शेख (32), जुआ खेल रहे सलमान कुतुबुद्दीन खान (23) तथा रमेश मंगलदास भानुशाली (54) को गिरफ्तार कर वहां से नकद तथा जुआ खेलने का सामान बरामद किया। वहीं इस जुए के अड्डे के मालिक वसंत अन्ना के खिलाफ हिल लाइन पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया गया है. आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक सुर्वे कर रहे हैं। अब यहां ये आश्चर्य की बात है कि स्थानीय पुलिस को इस जुए के अड्डे के बारे में खबर नहीं थी लेकिन भिवंडी अपराध शाखा को इसकी जानकारी मिलने पर उसने यहां आकर छापामारी की।

## अंबरनाथ में डिजिटल मराठी स्कूल का शुभारंभ

## पहले दिन छात्रों का हुआ भव्य स्वागत







अंबरनाथ (नि.स.)। अंबरनाथ पश्चिम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक डॉ.बालाजी किणीकर के सहयोग और पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख के प्रयासों से अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा संचालित डिजिटल मराठी स्कूल क्रमांक 1 और 13 के साथ-साथ स्कूल क्रमांक 11 तमिल माध्यम के लिए एक भव्य नई इमारत का निर्माण किया गया है। छात्रों को सुविधाजनक और अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करने के उद्देश्य से स्कूल का निर्माण किया गया है। सोमवार दिनांक 16 जून को स्कूल के पहले दिन को ध्यान में रखते हुए सभी छात्रों का स्वागत किया गया और विधायक डॉ. बालाजी किणीकर द्वारा सभी छात्रों को नोटबुक और छाते वितरित किए गए।

विद्यार्थियों को स्कूल में आनंद आए और विद्यार्थियों की संख्या बढ़े, इसके लिए निजी स्कूलों की तरह ही या उससे भी बेहतर सुविधाएं देने वाली कक्षाएं तैयार की गई हैं। इस अवसर पर आए सभी गणमान्यों ने विद्यार्थियों को ज्ञानवान बनने, प्रतिभावान बनने, सफल बनने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर अंबरनाथ नगर परिषद के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़, पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख, शिक्षा विभाग की प्रशासनिक अधिकारी जयश्री दायगुडे के साथ ही शिक्षकगण, अंबरनाथ नगर परिषद के अधिकारीगण, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**Staff Required**
**( SINDHI MALE )**

Qualification-B.COM PASSED
FOR ACCOUNTS
& FOR SALESMAN
Qualification- 10TH PASSED

CONTACT : **MR. RAJESH**
MOB.NO. **9307579475**

**संपादकीय**

# रेपो रेट में कटौती से बढ़ेगी रफ्तार या बनी रहेगी सुस्ती?

पिछले दिनों अर्थव्यवस्था के लिहाज से सकारात्मक खबरों के बीच अब भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की ओर से नीतिगत दरों में कमी से यही संकेत उभरता है कि महंगाई अब नियंत्रण में है और आर्थिक मोर्चे पर खड़ी चुनौतियों से पार पाने में देश आगे की राह पर है। आरबीआइ ने शुक्रवार को प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो दर में 0.5 फीसद की कमी करके उसे 5.5 फीसद कर दिया। इसे उम्मीद से ज्यादा की कमी माना जा रहा है। इसके अलावा, एक चौंकाने वाले फैसले के तहत आरबीआइ ने बैंकों के लिए भी नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में भी एक फीसद की कटौती की घोषणा की। यह लगातार तीसरी बार है, जब केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। इससे पहले आरबीआइ ने इसी वर्ष फरवरी और अप्रैल में पच्चीस आधार अंकों की कटौती की थी। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ाव से निपटने की कोशिश है, बल्कि फिलहाल दुनिया भर में जैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें इन उपायों से अर्थव्यवस्था को संभालने में भी मदद मिलेगी। दरअसल, रेपो दरों में कमी को मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता रहा है। कर्ज सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर टिका होता है और इसका सीधा और पहला असर उन उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन, अन्य सामान या फिर शिक्षा जैसी जरूरतों के लिए बैंकों से ऋण लिया होता है या फिर वे लोग, जो इस बात का इंतजार करते हैं कि रिजर्व बैंक की ओर से कब नीतिगत दरों में कमी की जाए और कर्ज सस्ता होने के बाद वे कुछ खरीदने या निवेश करने की योजना बनाएं।

गौरतलब है कि रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरें निर्धारित करते हैं। इसलिए उम्मीद है कि रेपो दरों में कमी के बाद व्यावसायिक बैंक भी कर्ज की दरें घटाएंगे। इसके बाद स्वाभाविक रूप से कर्ज सस्ता होगा और मासिक किस्तों में कमी की वजह से बैंकों से ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं की मांग बढ़ सकती है। साथ ही, पिछले कुछ समय से वाहन बाजार और खासतौर पर जमीन-जायदाद के कारोबार में जिस तरह की मंदी की आशंका जताई जा रही थी, नीतिगत दरों में कटौती के बाद उसमें सुधार आने की उम्मीद की जा सकती है। इस लिहाज से देखें तो रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में बड़ी कमी की जो घोषणा की है, वह एक तरह से अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने की दिशा में एक अहम कदम है। मगर जरूरत इस बात की है कि इस तरह के फैसले सिर्फ घोषणाओं और अर्थव्यवस्था के जटिल गणित तक ही न सिमटे रहें।

इसका असर जब तक जमीन पर नहीं दिखेगा, आम लोगों को इसका सीधा फायदा नहीं मिलेगा, वे अपनी जरूरत के लिए घर या कोई अन्य चीज की खरीदारी को लेकर सहज और निर्द्वंद्व नहीं होंगे, तब तक इस तरह के फैसले अर्थव्यवस्था की चुनौतियों को दूर करने में सहायक साबित नहीं हो सकते। महंगाई से राहत और क्रय शक्ति की सीमा में खरीदारी में सहजता से यह तय होगा कि रेपो दरों में कमी का लाभ आम लोगों तक कितना पहुंच पाता है। ऋण लेने का उत्साह उसे चुकाने की स्थितियों पर टिका रह सकता है। इसलिए रोजगार और आय के अन्य माध्यमों की बुनियाद मजबूत करने की स्थिति पैदा करनी होगी, ताकि लोग अपने निवेश और अन्य आर्थिक फैसलों को लेकर सुरक्षित महसूस करें।

**संपादक,टीकम लालवानी**

**वैसे भी देखा जाए तो जिस वक्त नरेन्द्र मोदी ने गुजरात से आकर के 26 मई 2014 को दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उस वक्त देश व दुनिया के बहुत सारे लोगों के मन में एक सवाल बार-बार कोंध रहा था कि आखिरकार लोकसभा के चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से भारत को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित नव भारत के निर्माण करने का सपना आम जनमानस को दिखाया है, क्या यह सपना कभी पूरा हो पायेगा। लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी इस सपने को धरातल पर उतारने के लिए अपने प्रथम कार्यकाल 26 मई 2014 से ही निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते ही देश के आम जनमानस ने मोदी के नेतृत्व में दूसरी व तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर दिया था और मोदी ने 30 मई 2019 को दूसरी बार व 9 जून 2024 को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।**

# सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के लिए कार्य करते पीएम मोदी

(दीपक कुमार त्यागी )

हाल ही में नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपनी 11 वर्ष की विकास गाथा को 176 पेज की एक पुस्तिका में लिखकर जारी करने का कार्य किया है। जिसमें मोदी सरकार ने देश की दशा व दिशा बदलने की प्रमुख योजनाओं का जिक्र किया है।

हमारे प्यारे देश भारत के आम जनमानस के साथ-साथ दुनिया भर के लोगों के बीच मे नरेन्द्र मोदी की छवि एक ऐसे सख्त प्रशासक, कुशल राजनेता की बन गई है, जिसके लिए देशहित सर्वोपरि है, इस छवि के दम पर ही नरेन्द्र मोदी देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए हैं और मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार को 9 जून 2025 को 11 वर्ष पूर्ण हो गये है। अपने इस 11 वर्ष के कार्यकाल के दौरान नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने बहुत सारे ऐसे कार्य कर के दिखाएं है, जिन्होंने इतिहास रचने का कार्य कर दिया है। नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी के जोर दवाब में आये ऐतिहासिक कार्यों को अमलीजामा पहनाने का कार्य बखूबी करके दिखाया है। जिसके चलते ही देश-दुनिया में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गिनती कुछ करके दिखाने वाली सरकार के रूप में होती है।

वैसे भी देखा जाए तो जिस वक्त नरेन्द्र मोदी ने गुजरात से आकर के 26 मई 2014 को दिल्ली के राष्टपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उस वक्त देश व दुनिया के बहुत सारे लोगों के मन में एक सवाल बार-बार कोंध रहा था कि आखिरकार लोकसभा के चुनाव प्रचार के दौरान नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से भारत को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित नव भारत के निर्माण करने का सपना आम जनमानस को दिखाया है, क्या यह सपना कभी पूरा हो पायेगा। लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी इस सपने को धरातल पर उतारने के लिए अपने प्रथम कार्यकाल 26 मई 2014 से ही निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते ही देश के आम जनमानस ने मोदी के नेतृत्व में दूसरी व तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर दिया था और मोदी ने 30 मई 2019 को दूसरी बार व 9 जून 2024 को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। आम जनता की अदालत में 11 वर्ष बीतने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता देश के अन्य सभी राजनेताओं पर भारी है। आम व खास दोनों वर्गों के लोग नरेन्द्र मोदी के विज़न व नीति से अभी भी प्रभावित नज़र आते हैं।

हाल ही में नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपनी 11 वर्ष की विकास गाथा को 176 पेज की एक पुस्तिका में लिखकर जारी करने का कार्य किया है। जिसमें मोदी सरकार ने देश की दशा व दिशा बदलने की प्रमुख योजनाओं का जिक्र किया है। इसमें नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल को सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष बताते हुए कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर के, सामाजिक न्याय की योजनाएं,



वंचितों की सेवाएं की योजनाएं, महिलाओं को सशक्त बनाने की योजनाएं, किसानों को उनका हक दिलाने की योजनाएं, देश के भविष्य युवाओं को अवसर देने की योजनाएं, देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया, जिनका ब्यौरा इस पुस्तिका में दिया गया है।

वैसे मोदी सरकार के कुछ कार्यों को देखें तो देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए मोदी सरकार ने बहुत काम किया है, मोदी सरकार ने देश के कुछ हिस्सों में दशकों से बेखौफ होकर के अपना राज चला रहे नक्सलियों की कमर तोड़ने का कार्य किया, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर लगाम लगाने का कार्य किया है। आतंकियों के ख़िलाफ़ सीमा पार पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक व आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 को समाप्त करके जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को उनका हक दिया है। देश में जातिगत जनगणना कराने के निर्णय, दशकों से लंबित महिला आरक्षण बिल आदि को मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय बताया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार मुख्य रूप से 14 बिंदुओं पर कार्य कर रही है, इसमें देश में गरीबों की सेवा वंचितों का सम्मान, किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना, नारी शक्ति को मिला नया बल, भारत की अमृत पीढ़ी हो रही सशक्त, मध्यवर्ग का जीवन हुआ आसान, सभी के लिए सस्ती व सुलभ स्वास्थ्य सेवा, राष्ट प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाना, इज ऑफ डूइंग बिजनेस से कारोबार को लगे पंख, इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से हो रहा बेहतर, टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति, नॉर्थ ईस्ट बन रहा विकास का नया इंजन, विरासत व विकास, पर्यावरण एवं सतत विकास हैं। मोदी सरकार का लक्ष्य भारत को दुनिया की एक ताकतवर आर्थिक महाशक्ति बनाने का है, जिसके लिए वह निरंतर कार्य कर रही और उन कार्यों के दम से ही भारत आज विश्व में चौथे पायदान पर आ चुका है। मोदी सरकार का लक्ष्य है देश से ग़रीबी को खत्म करना, हाल ही में प्रकाशित विश्वबैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में अत्यधिक ग़रीबी में कमी आयी है, मोदी सरकार के प्रयासों से ग़रीबी रेखा से 27 करोड़ लोग पिछले 11 वर्ष में बाहर हुए हैं। मोदी सरकार सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण करने के लिए देश में सर्वांगीण विकास पर जोर दे रही है। किसानों, महिला, युवाओं व सामाजिक क्षेत्र, आर्थिक क्षेत्र व इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना आदि ने देश में धरातल पर बड़ा सकारात्मक बदलाव करने का कार्य किया है। मोदी सरकार के स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, डिजिटल क्रांति, मेक इन इंडिया, जन औषधि केन्द्र, फसल के एमएसपी के द्वारा किसानों की आय की गारंटी, मखाना बोर्ड, जनजातियों का सशक्तिकरण- ग्राम समृद्धि, दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन चलाना, पीएम धन-धान्य कृषि योजना, ग्रामीण विद्युत आपूर्ति, किफायती यूरिया, भारत को पंख (उड़ान 2.0 की उड़ान और तेज हुई), विमानन क्षेत्र में नया युग, कश्मीर घाटी में बंदे भारत जम्मू-श्रीनगर रेल लाइन, चिनाब नदी पर विश्व का अजूबा रेलवे ब्रिज, विमानन क्षेत्र में एक नया युग, साइबर सुरक्षित भारत और आधार आईटी, प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री ई ड्राइव आदि ने देशवासियों को जीवन बेहतर करने का कार्य किया है। मोदी सरकार के मिशन चंद्रयान ने दुनिया में भारत का अंतरिक्ष के क्षेत्र में डंका बजाने का कार्य किया है।

मोदी सरकार ने देश में सर्वांगीण विकास को तरजीह देते हुए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर भारी-भरकम रकम खर्च की है। देश में हाईवे व एक्सप्रेसवे का विश्वस्तरीय जाल बना देना मोदी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश में बहुत सारे छोटे व बड़े एयरपोर्टों का निर्माण करके मोदी सरकार ने पूरे देश को चंद घंटों में जोड़ने का कार्य कर दिया है। रेलवे स्टेशन से लेकर के रेलवे नेटवर्क के विकास व आधुनिकीकरण का कार्य बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है, जो अच्छा संकेत है। देश में धार्मिक पर्यटन को नये आयाम देते हुए मोदी सरकार ने बहुत कार्य किये हैं, भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी-विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर इसकी एक कहानी है। वहीं स्टैचू ऑफ यूनिटी, नया संसद भवन, भारत मंडपम्, वार मेमोरियल का निर्माण मोदी सरकार उपलब्धि है।

# राष्ट्रवाद की आड़ में ट्रंप का परिवारवाद

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश में दलगत नेताओं के परिजनों, संबंधीजनों तथा स्वजनों को राजनैतिक दबाव के चलते लाभ देने के अनेक उदाहरण आज भी पैदा हो रहे हैं। अचानक पूंजीपति बनने वाले की संख्या में तेजी से बढोत्तरी हो रही है। सरकारी औपचारिकताओं को हाशिये पर रखकर सुविधायें पहुंचाने के अनेक मामले स्वाधीनता के बाद से ही सामने आते रहे हैं। यूं तो घोटालों की लम्बी फेरिस्त है परन्तु बानगी के तौर पर सन् 1948 का जीप खरीद घोटाला जिसमें वीके मेनन, सन् 1951 का साइकिल आयात घोटाला जिसमें एसए वेंकटरमण, सन् 1956 का बीएचयू फण्ड घोटाला, सन् 1958 का हरिदास मूंदडा मामला जिसमें टीटी कृष्णामचारी, सन् 1960 का तेजा लोन स्कैम, सन् 1963 का प्रताप सिंह कैरों स्कैम, सन् 1965 का पटनायक 'कलिंग ट्यूब्स' मामला जिसमें बीजू पटनायक, सन् 1975 का मारुति घोटाला जिसमें इंदिरा गांधी, सन् 1976 का कुओ आयल डील, सन् 1981 का अंतुले ट्रस्ट मामला जिसमें एआर अंतुले, सन् 1987 का एचडीडब्ल्यू दलाली मामला, सन् 1987 का बोफोर्स घोटाला जिसमें राजीव गांधी, सन् 1989 का सेंट किट्स मामला जिसमें वीपी सिंह, सन् 1990 का चारा घोटाला जिसमें लालू प्रसाद यादव,सन् 1991 का हवाला घोटाला जिसमें एसके जैन, सन् 1992 का हर्षद मेहता काण्ड, सन् 1992 का इंडियन बैंक मामला, सन् 1992 का बाम्बे स्टाक एक्सचेन्ज घोटाला जिसमें हर्षद मेहता, सन् 1992 का सिक्यूरिटी स्कैम, आईपीएल घोटाला जिसमें ललित मोदी, सत्यम घोटाला, स्टाम्प घोटाला, सन् 1993 का झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मामला जिसमें शिबू सोरेन, सन् 1994 का चीनी घोटाला जिसमें कल्पनाथ राय, सन् 1995 का जूता घोटाला जिसमें सोहिन दया, तहलका काण्ड जिसमें जार्ज फर्नांडीज, लक्खू भाई पाठक मामला जिसमें नरसिंहराव,सन् 1999 का हसन अली टैक्स मामला, कामनवेल्थ गेम्स घोटाला जिसमें मनमोहन सिंह, विजय माल्या प्रकरण, पीएनबी घोटाला जिसमें नीरव मोदी तथा मेहुल चौकसी, रोटोमैक घोटाला, सन् 2000 का मैच फिक्सिंग मामला, बराक मिसाइल सौदा मामला, यूटीआई घोटाला, तेल के बदले अनाज मामला जिसमें नटवर सिंह, ताज कैरीडोर मामला जिसमें मायावती, कोडा मनीलांडरिंग मामला जिसमें मधु कोडा, ताबूत घोटाला, सन् 2002 का टेलीकाम स्कैम जिसमें सुखराम शर्मा, यूरिया घोटाला जिसमें सीएस रामकृष्णन, सन् 2007 का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला जिसमें ए. राजा, सन् 2010 का आदर्श हाउसिंग घोटाला जिसमें अशोक चव्हाण,सन् 2012 का वीवीआईपी हेलिकाप्टर घोटाला जिसमें एसपी त्यागी, सन् 2012 का नेशनल हेराल्ड मामला जिसमें सोनिया गांधीसन् 2013 का डीएलएफ भूमि हडप मामला जिसमें राबर्ड वाड्रा,सन् 2013 का केरल सौर पैनल घोटाला जिसमें सीएम चांडी, सन् 2015 का वोट के लिए नोट मामला जिसमें एल्विस स्टीफेंसन,सन् 2020 का केरल गोल्ड तस्करी मामला जिसमें पिनाराई विजयन, सन् 2022 का शराब घोटाला जिसमें अरविन्द केजरीवाल पर भी गम्भीर आरोप लगाये गये थे।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5604

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | 7 | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | ■ | 10 | | ■ | 11 | | |
| 12 | ■ | | ■ | 13 | | | |
| 14 | 15 | | 16 | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | 24 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 25 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 18 अगस्त 1949 को इस देश ने संविधन अंगीकार किया (3)
4. लोहे को सोना बनाने वाा एक कल्पित पत्थर (3)
6. भारत की राजनीतिक पार्टी जिसे 1994 में जॉर्ज फर्नांडिस और नीतिश कुमार ने मिलकर बनाई थी (5)
8. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
10. कदम, डग, नई साड़ी के किनारे पर लगाने वाला कपड़ा (2)
11. जल देने वाला, नीरद, मेघ (3)
13. डकैती, लूट (4)
14. अभियोग, याचिका (4)
17. सूजी, कण (2)
18. मनोयोग से लगा हुआ, मशगूल, व्यस्त (2)
19. बेफिक्रा, निश्चित (2)
21. सिलवट, ऐंठ, मरोड़, शक्ति (2)
23. तनने वाला (5)
25. इस द्वीप समूह में मूंगे के लगभग 1200 छोटे-छोटे द्वीप है जिसकी राजधानी माले है (4)


**ऊपर से नीचे**

1. बत्तख की तरह का एक जल पक्षी जो प्रायः बड़ी-बड़ी झीलों में रहता है (2)
2. दुख, शोक, रंज, चिंता (2)
3. भारत की पहली महिला जो विश्व सुंदरी बनी (1966)(5)
4. पक्ष, राजनीतिक दल, गुट, समूह (2)
5. प्रश्न-उत्तर, जिरह (6)
7. नाव के मस्तूल से बांधा जाने वाला लंबा-चौड़ा कपड़ा, पालने वाला (2)
9. देय वस्तु, देने योग्य, दातव्य (3)
11. विष, गरल, हलाहल (3)
12. घृणा, घिन्न (4)
15. रिक्त होना, खाली होना (3)
16. हिंसक, फाड़ खाने वाला जंतु (3)
20. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
22. सटापन, अटैचमेंट, लगे होने का भाव (3)
23. समाकार, समकोटीय, अनेतर, सदृश्य (2)
24. अन्य पुरूष, वो (2)

### वर्ग पहेली 5603 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | ■ | ■ | ग | या | ना |
| क | ल | मी | ■ | मि | ■ | द | म |
| शा | ■ | ■ | स | ला | मी | ■ | ■ |
| ला | ला | ला | ज | प | त | रा | य |
| ■ | वा | र | ना | ■ | ■ | त | म |
| वा | रि | ■ | ध | र | ती | ■ | दू |
| ■ | स | ह | ज | ■ | ज | ग | त |
| ■ | ■ | म | ना | व | न | ■ | ■ |

रास्ता खोजो...



Reliance
Konark
Enterprises Pvt. Ltd.
AUTHORISED DEALER
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath




# हर शिव मंदिर में रखे त्रिशूल पर क्यों बंधा होता है लाल कपड़ा?

**अक्सर ऐसा देखा जाता है कि हर शिवालय में भगवान शिव के प्रतीकों की स्थापना की जाती है। भगवान शिव के यूं तो कई प्रतीक हैं, लेकिन मुख्य रूप से हर शिव मंदिर में आपको त्रिशूल रखें अवश्य दिख जायेंगे।**

शिव मंदिर में या तो त्रिशूल की स्थापना होती है या फिर त्रिशूल रखने का विशेष स्थान बनाया जाता है। वहीं, अगर आपने कभी गौर किया हो तो शिवालय में गढ़े या रखे त्रिशूल पर लाल रंग का कपड़ा बांधा जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य से आइये जानते हैं कि क्यों लाल कपड़े को त्रिशूल पर लपेटा जाता है और क्या है इसका महत्व।

## त्रिशूल पर लाल कपड़ा क्यों बांधते हैं?

ऐसा माना जाता है कि लाल रंग का संबंध मंगल ग्रह से है और मंगल ग्रह की उत्पत्ति भगवान शिव की मुस्कान से हुई है। ऐसे में भगवान शिव के पुत्र के समान ही माने जाते हैं मंगल ग्रह। पौराणिक कथा कहती है कि मंगल ग्रह ने घोर तप करके भगवान शिव के समीप रहने का वरदान मांगा था। भगवान शिव ने जब मंगल ग्रह से कहा कि ग्रहों के चक्र से वह दूर हैं तो ऐसे में कैसे किसी ग्रह को वह अपने साथ रख सकते हैं तब मंगल ने भगवान शिव से आग्रह किया था कि मंगल के किसी प्रतीक को वह अपने किसी प्रतीक से जोड़ दें। तब शिव जी ने लाल रंग को अपने त्रिशूल से जोड़ा। भगवान शिव ने लाल रंग का कपड़ा लेकर अपने त्रिशूल से बांधा और तभी से यह प्रथा बन गई कि त्रिशूल पर लाल कपड़ा बांधा जाए। हालांकि ज्योतिष में इसका महत्व इस रूप में माना जाता है कि लाल रंग का कपड़ा त्रिशूल पर बांधने से मंगल ग्रह मजबूत होता है और दोष दूर हो जाता है।




# बिना पंडित जी के गृह प्रवेश कैसे करें?

**नया घर खरीदना जीवन में नए अध्याय जैसा होता है। वहीं नए घर में जाने के लिए सही समय और विधिवत पूजा करने का विधान है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का आगमन होता है।**



हिन्दू धर्म में गृह प्रवेश बेहद महत्वपूर्ण और शुभ अनुष्ठान माना जाता है। गृह प्रवेश यानी कि नए घर में प्रवेश करने से पहले पूजा-पाठ करना। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और घर में सुख-समृद्धि का भी आगमन होता है। वहीं गृह प्रवेश करने के लिए ग्रह-नक्षत्रों का सही होना बेहद जरूरी है। गृह प्रवेश के माध्यम से भगवान गणेश और ग्रह देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। इससे घर में किसी प्रकार को कोई परेशानी नहीं आती है। ग्रह प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त का होना अत्यंत जरूरी है। ग्रह प्रवेश के दौरान कई बार ऐसा होता है कि पंडित जी नहीं मिल पाते हैं। अब सवाल है कि बिना पंडित जी के गृह प्रवेश कैसे किया जाए। आइए विस्तार से जानते हैं।

### बिना पंडित के इस विधि से करें गृह प्रवेश



- सबसे पहले कलश स्थापना करना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। कलश में गंगाजल, चावल, सुपारी और एक रुपया भरें। नारियल को दो भागों में काटकर कलश के दोनों तरफ रखें।
- पश्चात सबसे पहले भगवान गणेश और कुलदेवता की पूजा करें।
- उसके बाद नौ ग्रहों, वास्तु देवता और ग्रह देवता की पूजा करें।
- पूजा करने के बाद आरती गाएं।

## गृह प्रवेश के लिए सामग्री

- गंगाजल
- स्वस्तिक बनाकर रखने के लिए लाल रंग
- धूप ▸ दीपक ▸ फूल ▸ फल
- मिठाई ▸ नारियल ▸ चावल
- सुपारी ▸ कलश ▸ घी
- कुमकुम ▸ हल्दी ▸ पान

## गृह प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त

अगर आप गृह प्रवेश करना चाहते हैं, तो शुभ मुहूर्त के बारे में जानना बेहद जरूरी है। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में गृह प्रवेश किया जा सकता है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर के मध्य भाग से 24 मिनट पहले शुरू होता है और 24 मिनट बाद समाप्त होता है। इसका मतलब है कि यह दिन के मध्य भाग में होता है।

## गृह प्रवेश के लिए क्या है नियम?

- सबसे पहले सभी पूजन सामग्री को लेकर दाहिने पैर से घर में प्रवेश करें। घर में प्रवेश करते समय घर की महिलाओं को नारियल फोड़कर अंदर ले जाना चाहिए।
- नए घर में प्रवेश करते समय ऊँ मंत्र का जाप करें।
- पूजा घर में गंगाजल से छिड़काव करें।
- गंगाजल से छिड़काव करने के बाद भगवान गणेश का ध्यान करें।
- इस दौरान कीर्तन करना बेहद शुभ और महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

### नए घर में तुलसी का पौधा लेकर करें प्रवेश



जब भी आप नए घर में प्रवेश करें आपके लिए जरूरी है कि सबसे पहले तुलसी का पौधा लेकर ही प्रवेश करें। यही नहीं गृह प्रवेश के साथ ही तुलसी का पौधा भी स्थापित कर दें और उसकी नियमित पूजा करें जिससे समृद्धि बनी रहती है और नकारात्मकता दूर होती है।

### नए घर में करें हवन

अगर आप घर की कुशलता बनाए रखना चाहती हैं तो बहुत जरूरी है कि गृह प्रवेश के बाद घर में सभी लोग मिलकर एक बार हवन जरूर करें। हवन करने से घुएं के साथ सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह पूरे घर में होता है और खुशहाली बनी रहती है। यदि आप हवन के साथ कपूर जलाते हैं तो इसका भी बहुत अच्छा असर होता है और ये नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर रखने में मदद करता है। आपको नियमित रूप से आरती में कपूर का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी जाती है।





# नए घर में प्रवेश करते समय आजमाएं ज्योतिष के ये उपाय

**नए घर में प्रवेश करते समय आपके मन में कई सवाल होते हैं। नए घर में कैसा होगा आपका भविष्य? किस दिशा में कौन सी चीज रखनी चाहिए? आपको किस तरह की चीजों को घर में रखना चाहिए? यही नहीं नए घर में आप कौन से उपाय आजमाकर खुशहाली ला सकते हैं। ऐसे कई सवालों के जवाब आपको ज्योतिष में मिल सकते हैं।**

नए घर में प्रवेश करना एक नई शुरुआत का संकेत होता है और यह घड़ी हर किसी के जीवन में महत्वपूर्ण होती है। इस नई सफल यात्रा को शुभ बनाने के लिए, ज्योतिष विज्ञान बहुत उपयोगी हो सकता है। जब भी आप नए घर में प्रवेश कर रहे हैं प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त और तिथि का होना बहुत जरूरी माना जाता है। उस समय के अनुसार ज्योतिष उपाय करने से आप अपने नए अवसरों को सही दिशा में ला सकते हैं। ऐसे ही आपको ज्योतिष से जुड़े कुछ उपायों की आजमाने की सलाह भी दी जाती है जिससे नया घर आपके लिए शुभ साबित हो सके।

## नए घर में प्रवेश के लिए करें शुभ मुहूर्त का चयन

नए घर में प्रवेश के लिए शुभ मुहूर्त का चयन करना बहुत महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। जब भी आप घर में प्रवेश करें आपको समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए और मुहूर्त का विचार करके ही यहां प्रवेश करना चाहिए। ज्योतिष की मानें तो कुछ विशेष तिथियां और मुहूर्त ऐसे होते हैं जो आपके भविष्य के लिए शुभ फल प्रदान करते हैं और नये घर के प्रवेश को और भी शुभ बना सकते हैं।

## गृह प्रवेश पूजा है जरूरी

ऐसा माना जाता है कि कभी भी जब आप नए घर में प्रवेश करें तो सबसे पहले गृह प्रवेश पूजा अवश्य करवाएं। गृह प्रवेश पूजा एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय उपाय है जो नए घर की सुरक्षा और शुभता बनाए रखने के लिए जरूरी मानी जाती है। आमतौर पर यह पूजा घर के स्वामी द्वारा ही की जाती है। इसके लिए मुख्य रूप से गणपति पूजन किया जाता है जिससे सकारात्मकता बनी रहे।

## गायत्री मंत्र का करें जाप

आप जब भी नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, उस घर के वातावरण को सकारात्मक बनाए रखने के लिए लगातार तीन रविवार 108 बार गायत्री मंत्र का जाप करें। इससे आपके घर का वातावरण तो शुद्ध होता ही है और गायत्री मंत्र का जाप परिवार के लोगों को मानसिक शांति भी प्रदान करता है। यदि संभव है तो यह जाप घर के सभी सदस्यों को एक साथ मिलकर ही करना चाहिए।

## घर की दक्षिण दिशा में लाल झंडा लगाएं

आप जब भी नए घर में प्रवेश करें ध्यान देने की जरूरत है कि आप घर की दक्षिण दिशा में लाल रंग का झंडा लगाएं। लाल रंग विजय और साहस का प्रतीक माना जाता है और यदि आप इस रंग का झंडा लगाते हैं तो यह घर की सभी नकारात्मक ऊर्जाओं को नियंत्रित करने में मदद करता है और घर के लोगों के बीच सामंजस्य बनाने में मदद करता है। इसके प्रभाव से घर के भीतर किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होता है।

## नए घर के हर कोने की करें सफाई

आप जब भी नए घर में प्रवेश करें आपको इस बात का ध्यान देने की जरूरत है कि घर का कोई भी कोना गंदा नहीं होना चाहिए। किसी भी कोने में मकड़ी के जले नहीं लगे होने चाहिए। ये जाले आपके घर के लिए नकारात्मक ऊर्जा का कारण बन सकते हैं।



# श्री राम ही नहीं, ये दो योद्धा भी कर सकते थे रावण का वध

जब पृथ्वी पर रावण का अत्याचार बढ़ने लगा था तब भगवान विष्णु के सांतवे अवतार के रूप में भगवान श्री राम ने पृथ्वी पर जन्म लिया था। श्री राम ने एक-एक कर अपनी बाल्य अवस्था से ही दुष्टों का संहार करना शुरू कर दिया था और वह समय भी शीघ्र आया जब वनवास के दौरान श्री राम ने रावण का वध कर उसके दुराचार से सृष्टि को मुक्त किया। यह सत्य है कि रावण का वध श्री राम के हाथों होना ही लिखा था, लेकिन रामायण में ऐसे दो योद्धाओं का भी वर्णन मिलता है जो रावण का वध करने में सक्षम थे।

## कौन-कौन कर सकता था रावण का वध?

रामायण में उल्लेख मिलता है कि रावण अति बलशाली था। रावण के पास अनेकों मायावी और आसुरी शक्तियां मौजूद थीं। रावण की हुंकार से क्या मनुष्य और क्या देवता, सभी थर-थर कांपते थे। रावण की असीमित शक्तियों और उसके मनुष्य के हाथों मरने के वरदान के कारण ही श्री राम पृथ्वी पर अवतरित हुए। हालांकि रामायण में यह भी बताया गया है कि दो ऐसे योद्धा थे जिनसे रावण कांपता था। रावण उन योद्धाओं से उलझने से भी डरता था क्योंकि कहीं न कहीं रावण को भी पता था कि वह योद्धा उसका वध करने की ताकत रखते थे। वह योद्धा थे- देवराज इंद्र का पुत्र बालि और भगवान शिव के अंश हनुमान जी।

**यह सत्य है कि रावण का वध श्री राम के हाथों होना ही लिखा था, लेकिन रामायण में ऐसे दो योद्धाओं का भी वर्णन मिलता है जो रावण का वध करने में सक्षम थे।**

असल में बालि को यह वरदान प्राप्त था कि जो भी उससे युद्ध करने आएगा, उसका आधा बल बालि के अंदर समाहित हो जाएगा। ऐसे में एक अबर रावण युद्ध करने पहुंचा तब वह बालि से युद्ध में हर गया और बालि 10 दिनों तक उसे अपनी बगल में दबाकर घूमता रहा। तब रावण बाल-बाल बचा था। ठीक ऐसे ही हनुमान जी भगवान शिव के अंशावतार होने के कारण परम शक्तिशाली थे और भगवान शिव की शक्तियां उनमें समाहित थीं। इस बात से से रावण भी अनिभिज्ञ नहीं था। इसी कारण से रावण ने कभी भी सीधे-सीधे हनुमान जी से युद्ध नहीं किया था।

क्रैश के बाद 5 दिन में

# दूसरी अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट कैंसिल

● एयर इंडिया ने अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट का नाम बदला

## उड़ान से पहले एयर इंडिया प्लेन में फिर से आई तकनीकी खामी

### एयरलाइन ने किया साफ, बोली- हमारे पास विमानों की कमी है



**कोलकाता (एजेंसी)।** अहमदाबाद में मंगलवार को प्लेन क्रैश की घटना के बाद 5 दिन में अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की लगातार दूसरी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इसके पीछे तकनीकी खामी को वजह बताया गया है। आज फ्लाइट संख्या एआई-159 अहमदाबाद से दोपहर 1.10 बजे लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी।

जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट के टेकऑफ से कुछ घंटे पहले ही इस तकनीकी खराबी का पता चला। इससे पहले सोमवार को भी अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट रद्द की गई थी। आज की फ्लाइट कल के लिए रिशेड्यूल की जाएगी। आज की फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एक यात्री ने कहा, इस तरह से जनता को परेशान मत करो। यहां आने के बाद आप बताते हैं कि फ्लाइट रद्द कर दी गई है। अब 250 लोग क्या करेंगे, कहां रहेंगे। एयरलाइंस की तरफ से कोई उचित व्यवस्था नहीं है। एअर इंडिया ने सफाई दी है कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक की फ्लाइट एआई 159 को एयरक्राफ्ट की कमी के चलते रद्द किया गया है, न कि तकनीकी खामी की वजह से। एयर स्पेस प्रतिबंधित होने और अतिरिक्त जांच के चलते एयरक्राफ्ट्स को अपनी डेस्टिनेशन तक पहुंचने में ज्यादा वक्त लग रहा है। एअर इंडिया ने कहा कि आज की फ्लाइट कैंसिल होने से पैसेंजर्स को जो परेशानी हुई है, उसका हमें खेद है। हमने सभी यात्रियों के लिए उड़ान की दूसरी व्यवस्था कर दी है।

प्लेन क्रैश के बाद एअर इंडिया ने अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट का नंबर बदलने का फैसला किया है। अब यह एआई-159 होगा। वापसी की उड़ान का भी नंबर बदलकर एआई-160 किया जाएगा। पहले इस फ्लाइट का नंबर एआई-171 था। इससे पहले 2014 में किसी एयरलाइन ने अपनी उड़ान संख्या बदली थी। मलेशियन एयरलाइंस की कुआलालंपुर से बीजिंग जा रही उड़ान एमए 370 के लापता हो जाने के बाद, उस रूट की फ्लाइट संख्या को बदलकर एमए 318 कर दिया गया था। सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते यात्रियों को मंगलवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्लेन से उतारना पड़ा। फ्लाइट नंबर एआई 180 कोलकाता होते हुए मुंबई जा रही थी। बोइंग 777-200 वर्ल्डलाइनर विमान 17 जून को रात 12.45 बजे समय पर कोलकाता पहुंचा था। इसे मुंबई के लिए रात 2.00 बजे रवाना होना था। विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण टेकऑफ में देरी हुई। इसके बाद सुबह करीब 5.20 बजे कैप्टन ने यात्रियों से कहा गया कि वे प्लेन से नीचे उतर जाएं। उन्होंने बताया कि यह फैसला फ्लाइट सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# 2027 विधानसभा चुनाव 'इंडिया' के साथ लड़ेंगे अखिलेश यादव

● सपा प्रमुख ने कर दिया बड़ा ऐलान,यूपी में शुरू हो गई तैयारी



लखनऊ (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश ने ऐलान किया कि वह इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले यूपी दौरे पर आए कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने भी कहा था कि कांग्रेस गठबंधन सहयोगी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी। उनके इस बयान से गठबंधन में एकजुटता का संदेश गया है। साथ ही, यह आने वाले चुनावी समीकरणों को लेकर भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। अखिलेश यादव ने कानपुर के सीएमओ के तबादले को लेकर योगी सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को दवा के नाम पर कोयले का घोल पिलाया जा रहा है और गलत इंजेक्शन से मौतें हो रही हैं। सपा मुखिया ने बुनकरों की स्थिति पर चिंता की।

## पाकिस्तान गुरुधामों के लिए अब नहीं जाएगा सिख जत्था

● भारत-पाक विवाद को लेकर एसजीपीसी का फैसला

**अमृतसर (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सीमा तनाव को देखते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है।



महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों की यात्रा पर हर साल जत्था रवाना होता था। इस साल ये यात्रा 29 जून को लाहौर के लिए रवाना होनी थी। एसजीपीसी ने कहा कि मौजूदा हालात में यह निर्णय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है।

## भारत को अंडमान में मिला दो लाख करोड़ लीटर का बड़ा तेल-भंडार

● पेट्रोलियम मंत्री ने कहा-इससे भारत की जीडीपी बढ़कर 20 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को अंडमान सागर में करीब 2 लाख करोड़ लीटर का क्रूड ऑयल का भंडार मिल सकता है। यह बात केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कही है। हरदीप सिंह ने कहा कि यह अनुमान सही निकला तो इससे भारत की जीडीपी करीब 5 गुना तक बढ़ सकती है। हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि अंडमान सागर में कच्चे तेल और गैस का यह बड़ा भंडार दिखा है और सरकार ने इसे निकालने की तैयारियां शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इसके मिलने के बाद हमारी



एनर्जी की जरूरतें एक झटके में पूरी हो जाएंगी। मंत्री ने कहा कि यह पेट्रोलियम भंडार हाल ही में गुयाना में मिले (11.6 बिलियन बैरल) कच्चे तेल के रिजर्व जितना हो सकता है।




इंग्लैंड दौराः

## डी दीपेश और नमन पुष्पक भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि डी दीपेश और नमन पुष्पक को चोटिल आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई तक चलेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह क्रमश- डी दीपेश और नमन पुष्पक को टीम में शामिल किया है। दीपेश और नमन दोनों ही दौरे के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चल रहे हाई परफोमेंस शिविर के दौरान आदित्य को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ जबकि खिलान को दाएं पैर में चोट लगी।

टीम की अगुआई आयुष म्हात्रे करेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरे में लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा जिसके बाद होव, नॉर्थम्पटन और वॉर्सेस्टर में पांच मैच की युवा एकदिवसीय श्रृंखला होगी। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो बहु दिवसीय मैच क्रमशः बेकेनहैम और चेम्सफोर्ड में खेले जाएंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

टीम में 14 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं जिन्होंने पिछले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंद में शतक सहित 252 रन बनाए थे। सूर्यवंशी और म्हात्रे पिछले साल यूएई में अंडर-19 एशिया कप में भारत की उपविजेता टीम का भी हिस्सा थे।

### भारतीय अंडर-19 टीमः

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, युधजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद इनान, अनमोलजीत सिंह, डी दीपेश, नमन पुष्पक।

दिग्वेश राठी का आईपीएल के बाद भी जलवा कायम

# 5 गेंद पर 5 विकेट...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में अपनी धारदार गेंदबाजी और अनोखे सेलिब्रेशन से चर्चा में आए दिग्वेश राठी ने टी20 के एक मुकाबले में कमाल कर दिया है. उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

लखनऊ सुपरजायंट्स के युवा स्पिनर दिग्वेश राठी ने एक लोकल टी-20 मैच में लगातार 5 गेंदों में 5 विकेट झटका है. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ ही टीम के मालिक संजीव गोयनका ने भी इसका वीडियो शेयर किया है. मैच के दौरान दिग्वेश राठी ने लगातार पांच गेंदें फेंकीं और हर गेंद पर एक विकेट लिया. इस तरह उन्होंने सिर्फ एक ओवर में आधी टीम को पवेलियन भेज दिया. इससे पहले श्रीलंका के लसिथ मलिंगा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार गेंदों में चार विकेट लिए थे, लेकिन राठी ने अब उससे एक कदम आगे बढ़कर पांच विकेट झटके हैं.


हालांकि, उन्होंने ये कारनामा एक लोकल मुकाबले में किया. उन्होंने ये कमाल कब किया ये साफ नहीं है.

### कैसे हुआ यह कमाल?

राठी ने हर गेंद पर बल्लेबाजों को चकमा दिया. उनकी गुगली और फ्लिपर गेंदों को बल्लेबाज समझ ही नहीं सके और लगातार आउट होते चले गए. यह प्रदर्शन न केवल रोमांचक था, बल्कि यह दिखाता है कि राठी में एक बड़ा स्पिनर बनने की क्षमता है. दिग्वेश राठी ने आईपीएल 2025 में एलएसजी के लिए खेलते हुए 13 मैचों में 14 विकेट चटकाए थे. वह अपनी खास नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए भी काफी फेमस हैं. विकेट लेने के बाद वह एक काल्पनिक डायरी निकालकर बल्लेबाज का नाम लिखते हैं, जो फैन्स को बहुत पसंद आता है.

## अश्विन पर मौजूदा तमिलनाडु प्रीमियर लीग में गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगे, दर्ज हुई शिकायत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन पर तमिलनाडु प्रीमियर लीग में गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मदुरै पैंथर्स ने हाल ही में टीएनपीएल को एक लिखित शिकायत दी थी जिसमें अश्विन और मौजूदा खिताब धारक डिंडीगुल ड्रैगन्स पर शनिवार 14 जून को गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स से इस प्रतिष्ठित ऑफ स्पिनर के खिलाफ अपने आरोप का समर्थन करने के लिए सबूत मांगे हैं, जिन्होंने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और उनके नाम 700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर मदुरै फ्रेंचाइजी सबूत पेश करने में विफल रहती है, तो अश्विन के खिलाफ इस तरह का आरोप लगाने के लिए दंड का सामना करना पड़ेगा। प्रसन्ना ने कहा, उन्होंने शिकायत दर्ज करवाई है, जिसे




हमने स्वीकार कर लिया है। हालांकि उन्हें खेल के 24 घंटे के भीतर कोई भी शिकायत दर्ज करानी होती है, फिर भी हमने इसे स्वीकार कर लिया है और उनसे अपने आरोपों का सबूत पेश करने को कहा है। उन्होंने कहा, अगर हमें लगता है कि उनके आरोपों में कोई सच्चाई है, तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। पर्याप्त सबूतों के बिना, किसी खिलाड़ी और दूसरी फ्रेंचाइजी के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाना गलत है। अगर वे कोई सबूत नहीं देते हैं, तो मदुरै को उचित दंड का सामना करना पड़ेगा। पैंथर्स ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अश्विन और उनके ड्रैगन्स टीम के साथियों ने गेंद को पोंछने के लिए रसायन वाले तौलिये का इस्तेमाल किया जिसके परिणामस्वरूप गेंद भारी हो गई और बल्ले से संपर्क करने पर धातु जैसी आवाज आई।



# गंगा स्नान के वक्त महिलाएं भूलकर भी न करें यह 1 काम, पुण्य की जगह मिलेगा पाप, मां गंगा होंगी नाराज

हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का खास महत्व होता है। इस दिन माता गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस दिन दान और गंगा स्नान करना विशेष रूप से फलदायी होता है। लेकिन शास्त्रों में इसके कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान न रखने से आप पुण्य की जगह पाप कमा सकते हैं। ऐसे में आइए जानें गंगा स्नान के वक्त किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस तिथि पर माता गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। ऐसे में हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का बहुत खास महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा में स्नान और दान करने का खास महत्व होता है। ऐसा करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिल सकती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। लेकिन शास्त्रों में गंगा स्नान के कुछ महत्वपूर्ण नियम भी बनाए गए हैं, जिनका ध्यान न रखने से आपके सिर पुण्य की जगह पाप चढ़ सकता है। शास्त्रों में महिलाओं के लिए एक खास नियम का वर्णन भी मिलता है। लेकिन यह गलती अक्सर महिलाएं गंगा स्नान के समय करती हैं, जिससे आपको अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानें गंगा स्नान के नियम...

## गंगा स्नान से पहले जरूर करें ये काम

गंगा दशहरा पर गंगा स्नान के समय कुछ नियमों का ख्याल रखने से जातक को पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि पवित्र नदी गंगा में प्रवेश करने से पहले व्यक्ति को माता गंगा को प्रणाम करना चाहिए और उनसे जल के भीतर पांव रखने के लिए भी क्षमा मांगनी चाहिए। इसके बाद, मईया गंगा के आशीर्वाद के साथ गंगा नदी में प्रवेश करना चाहिए। इसके बाद, गंगा में डुबकी लगाना सबसे शुभ माना जाता है। इससे व्यक्ति को माता गंगा का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है।

## गंगा स्नान के समय महिलाएं न करें यह भूल

गंगा दशहरा के दिन पुरुष और महिलाएं गंगा स्नान करके पुण्य फल प्राप्त करते हैं। लेकिन इस दौरान अगर महिलाओं द्वारा एक भूल हो जाए, तो इससे पुण्य की बजाए आपको पाप लग सकता है और माता गंगा भी रुष्ट हो सकती हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि महिलाओं को गंगा स्नान के समय अपने बालों को बांधकर रखना चाहिए। खुले बालों के साथ गंगा में डुबकी लगाना शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा करने से आपको स्नान का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होगा और जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## गंगा में स्नान के बाद न करें यह काम

अगर आप गंगा स्नान करने के बाद अपने गंदे वस्त्र के जल को वहीं निचोड़ते हैं, तो ऐसी गलती बिल्कुल भी न करें। शास्त्रों में ऐसा करना वर्जित माना गया है। ऐसा करने से आपको अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है और आप गंगा स्नान के फल से वंचित रह सकते हैं। ऐसे में गंगा स्नान के बाद अपने वस्त्रों को घर लेकर आना चाहिए और उन्हें पवित्र जल से साफ कर लेना चाहिए। इस प्रकार गंगा स्नान के बाद वस्त्रों का इस्तेमाल करना शुभ माना जाता है। इससे जीवन में खुशहाली आती है और गंगा स्नान का भी पूर्ण फल प्राप्त होता है।

## गंगा में कितनी डुबकी लगाएं

कई बार लोग गंगा स्नान करते समय अपने मन से कितनी भी डुबकी लगा लेती हैं। लेकिन ऐसी गलती बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए। शास्त्रों में गंगा में डुबकी लगाने की संख्या का वर्णन भी किया गया है। अगर आप शुभ संख्या में गंगा में डुबकी लगाते हैं, तो इससे अत्यंत शुभ फल की प्राप्ति होती है। इसके लिए आप गंगा में कम से कम 5 या 7 बार डुबकी लगा सकते हैं। मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक गंगा दशहरा के दिन गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिल सकती है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही, गंगा में विधि-विधान से डुबकी लगाने से जातक की मनोकामनाएं भी पूर्ण हो सकती हैं।

## गंगा स्नान के समय न उतारें वस्त्र

आपने कई लोगों को देखा होगा की वे गंगा में प्रवेश करने से पहले अपने वस्त्र को उतारकर रख देते हैं और फिर, नदी में प्रवेश करते हैं। शास्त्रों में इसे बिल्कुल भी शुभ नहीं माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, किसी भी पुरुष या स्त्री को वस्त्र धारण करके ही गंगा में डुबकी लगानी चाहिए। बिना वस्त्र के स्नान करने से पूजा का फल प्राप्त नहीं होता है और इसे भगवान का अपमान माना जाता है। इसी को लेकर भगवान कृष्ण ने विश्व को संदेश देने के लिए यमुना नदी के किनारे चीर हरण की लीला भी रची थी। श्रीकृष्ण के मुताबिक गंगा स्नान बिना वस्त्र धारण किए करना बिल्कुल भी उचित नहीं होता है।

## गंगा स्नान के समय जरूर करें ये काम

गंगा दशहरा के दिन गंगा में स्नान करने के साथ-साथ फूल, अक्षत, दूध आदि गंगा नदी में जरूर अर्पित करना चाहिए। साथ ही, दोनों हाथ जोड़कर माता गंगा से जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना करनी चाहिए और उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। इस प्रकार गंगा दशहरा के दिन गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति को जीवन के समस्त दुखों से निजात मिल सकती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगते हैं।

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से मिलने का मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में भी खुशियां भरपूर रहेगी। आप अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे न हटें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक सामान को लेकर आ सकते हैं। भाई व बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई खटपट हो सकती है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।




**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप यदि किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो आपको उसके चल व अचल पहलुओं का स्वाधीनता से जांचना होगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा, नहीं तो उसमें गड़बड़ी हो सकती है। आप अपने किसी सहयोगी से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलें।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय न ले। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी संतान से कोई वादा कर सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको किसी से कोई वादा सोच समझ कर करना होगा। कार्य क्षेत्र में आप महिला मित्रों से सावधानी बरते। आपके मन में यदि कोई बात को लेकर संशय चल रहा है, तो आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको अपने व्यवसाय के कामों में ढील देने से बचना होगा। आपको नौकरी के लिए कोई दूसरा ऑफर आ सकता है।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आपके मन में किसी काम को लेकर कंफ्यूजन है, तो आप उसमें आप बिल्कुल आगे ना बढ़े। यदि आपने कोई लोन अप्लाई किया था, तो वह भी आपको मिल सकता है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कोई कानूनी मामला यदि आपको लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो वह भी समाप्त हो सकता है।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप कुछ विशेष करने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप रोमांचक समय व्यतीत करेंगे। आपने यदि जीवनसाथी से कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना हो सकती है।




**तुला** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में फायदा मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशियां मिलेंगी, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचे। आप अपने घर किसी नये वाहन को लेकर आ सकते हैं। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है। आपको अधिकारियों से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। कामकाज के प्रति आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। पारिवारिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी। आप अपने शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। यदि आपको किसी नौकरी का ऑफर आए, तो आप उसमें थोड़ा सोच विचार कर ही आगे बढ़े। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।




**धनु** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप परिवार में छोटे बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। भाई व बहनों से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर यदि कोई विवाद चले, तो आपको उसमें चुप लगाना बेहतर रहेगा।




**मकर** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ समय आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। परोपकार के कार्यों में आप पर चढ़कर हिस्सा लेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको कुछ नये संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा।




**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपका डूबा हुआ धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी नए घर मकान, दुकान की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने भविष्य को लेकर कोई सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आपके लिए आने वाले समय में अच्छी रहेगी।




**मीन** यह दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को अपने किसी मित्र की मदद से अच्छी नौकरी की प्राप्ति होगी। आप अपने दोस्तों के साथ मौज मस्ती करने में काफी समय व्यतीत करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ समय बिता कर काफी खुश होंगे।



G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034

Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259





RAMDEVI TOWER
MAHARERA- P51700076849
1BHK & 2BHK & COMMERCIAL SHOPS AVAILABLE
Contact:
7770003478
7770003479
Gmail: ramdevitower2024@gmail.com
SITE ADDRESS :
B. K No- 1150,
ROOM NO. 3,4,5,6
POWAI CHOWK,
ULHASNAGAR - 421003.
DIST- THANE


प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
**RNI No. 68359/93,**
**( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )**

दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।


Makhija Construction
25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555

# आरटीओ ने पांच महीने में की 150 स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई

मुंबई (नि.स.)। मुंबई शहर और उपनगरों में हर दिन हजारों छात्र स्कूल बसों से सफर करते हैं। स्कूलों और अभिभावकों के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ये बसें छात्रों के परिवहन के लिए सुरक्षित हों। पिछले पांच महीनों में, मुंबई सेंट्रल, अंधेरी और वडाला के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) ने बस के फिटनेस प्रमाण पत्र सहित अन्य नियमों का उल्लंघन करने के लिए 150 स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई की है और उनसे 3.71 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है।

आपको बता दें कि मुंबई में कई निजी स्कूल 9 जून से शुरू हो गए हैं। आरटीओ द्वारा बताया गया है कि अबतक कई स्कूल बस चालकों ने अपने बसों का फिटनेस प्रमाण पत्र का नवीनीकरण नहीं कराया है। हालांकि इन प्रमाणपत्रों को हर साल नवीनीकृत करना अनिवार्य है, लेकिन कई लोग इसकी अनदेखी कर रहे हैं। आरटीओ अधिकारियों ने पिछले पांच महीनों में 629 वाहनों का निरीक्षण किया। बिना फिटनेस प्रमाण पत्र, समाप्त बीमा या लाइसेंस और बिना फिटनेस प्रमाण पत्र वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### क्या हैं नियम?

- वाहन का स्कूल बस के रूप में पंजीकरण होना चाहिए।
- टैक्स, लाइसेंस, बीमा, पीयूसी सहित सभी दस्तावेज वैध होने चाहिए।
- मुंबई के लिए, डीजल और पेट्रोल बसें 8 साल से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए जबकि सीएनजी बसें 15 साल तक चल सकती हैं।
- वाहन का रंग पीला होना चाहिए और उस पर स्कूल बस का स्पष्ट चिह्न होना चाहिए।
- सीढ़ियों की ऊंचाई 200 मिमी से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए।
- सामने के दरवाज़े के पास स्टील की रेलिंग होनी चाहिए।
- बस में वर्टिकल स्टील पोल और मल्टी-प्रेशर हॉर्न प्रतिबंधित हैं।
- बस में एक प्राथमिक चिकित्सा किट और 2 आईएसआई प्रमाणित 5 किलो के अग्निशामक यंत्र होने चाहिए।
- खिड़कियों पर तीन क्षैतिज स्टील पोल होने चाहिए।
- एक गति नियंत्रण उपकरण होना चाहिए।
- बस एक बंद स्टील बॉडी होनी चाहिए।

# यूबीटी के कट्टर समर्थक सुधाकर बडगूजर सहियोगियों संग भाजपा में शामिल



मुंबई (नि.स.)। आखिरकार सुधाकर बडगूजर मंगलवार को आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गए हैं। सुधाकर बडगुजर के भाजपा में शामिल होने की चर्चा पिछले कई दिनों से चल रही थी। मंगलवार को मुंबई स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में उनका भव्य पार्टी प्रवेश हुआ। भाजपा नेताओं के विरोध के बावजूद उद्धव ठाकरे के कट्टर समर्थक सुधाकर बडगूजर मंललवार को चार पहिया वाहन, 100 बसों और 4 हजार कार्यकर्ताओं के साथ बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ नासिक से मुंबई पहुंचे। इससे सुधाकर बडगूजर के पार्टी में प्रवेश को लेकर काफी चर्चा हुई। मुंबई में भाजपा कार्यकर्ताओं समेत सुधाकर बडगूजर के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ थी। प्रवेश के समय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, मंत्री गिरीश महाजन और अन्य नेता भी मौजूद थे।

सुधाकर बडगूजर के साथ पूर्व समाज कल्याण मंत्री बबन घोलप, पूर्व नगरसेवक मनसे दिलीप दातिर, पूर्व नगरसेवक एनसीपी मनोहर बोराडे, बालासाहेब सानप, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश चुंबले ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सूत्रों की मानें तो भाजपा नेताओं के विरोध के कारण पिछले कुछ दिनों से सुधाकर बडगूजर का पार्टी में प्रवेश टल रहा था। आखिरकार सुधाकर बडगूजर ने कमल थाम लिया है। कहा जा कि गिरीश महाजन और रवींद्र चव्हाण के प्रयासों के बाद कुछ स्थानीय नेताओं ने बडगूजर के प्रवेश पर सहमति जताई। दरअसल कुछ दिन पहले नाराज विधायक सीमा हिरे ने पूर्व नगरसेवकों और पदाधिकारियों के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से मुलाकात भी की थी। मांग की गई थी कि बडगूजर को पार्टी में प्रवेश न दिया जाए। लेकिन अब सुधाकर बडगूजर बीजेपी में शामिल हो गए हैं।

# नवी मुंबई मेट्रो लाइन 1 पर क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली शुरू




### कुछ अन्य सुविधाएं भी शुरू करने की तैयारी में सिडको

नवी मुंबई (सनी पांडेय)। कॉमन मोबिलिटी सॉल्यूशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिडको ने मंगलवार को नवी मुंबई मेट्रो लाइन 1 पर पेपर क्यूआर टिकटिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है. इस अभिनव टिकटिंग प्रणाली को स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) प्रणाली को अपग्रेड करके लागू किया गया है, जो नई आवश्यकताओं की पूरक है।

मंगलवार को बेलापुर मेट्रो स्टेशन पर क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली की आधिकारिक शुरुआत सिडको के सह-व्यवस्थापकीय संचालक शान्तनु गोयल के हाथों की गयी. इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को तेज, आसान और निर्बाध यात्रा का अनुभव प्रदान करना है. सिडको यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्यूआर-आधारित टिकट प्रणाली का शुभारंभ उस दिशा में ही एक महत्वपूर्ण कदम है. इस दौरान सिडको के अधीक्षक अभियंता मिलींद रावराणे, महाव्यवस्थापक (ऑपरेशन एंव मेंटेनेन्स), हरीश गुप्ता, कार्यकारी संचालक, महामेट्रो समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भविष्य में एप्प एंव व्हाट्सएप के जरिए भी खरीद सकेंगे टिकट

यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए सिडको जल्द ही कुछ और नई सुविधाएँ शुरू करने जा रहा है. इनमें मोबाइल टिकटिंग ऐप भी शामिल है. भविष्य में यात्री इस ऐप के जरिए मेट्रो टिकट खरीद सकेंगे. आने वाली वॉट्सऐप आधारित टिकटिंग सेवा के जरिए यात्री सीधे वॉट्सऐप के जरिए टिकट खरीद सकेंगे. वहीं, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के जरिए भविष्य में एकीकृत भुगतान समाधान के तहत विभिन्न परिवहन सेवाओं का एक साथ इस्तेमाल किया जा सकेगा. ये सभी सुविधाएँ जल्द ही नागरिकों की सेवा के लिए उपलब्ध होंगी।

# कलयुगी बेटे के कारनामे से करोड़पति महिला सड़क पर

मुंबई (नि.स.)। मुंबई में एक कलयुगी बेटे के कारनामे से करोड़पति बुजर्ग महिला सड़क पर गई है। दरअसल शराब का आदि उसके बेटे ने जबरन करोड़ों रूपये का फ्लैट बिकवाकर सारे पैसे उड़ा दिए और अपनी माँ को बेसहारा कर दिया। खबर है कि उसने अपनी मां को धमकाया और दो फ्लैट बेच दिए और मां को सड़क पर ला दिया। बुढ़ापे में उसकी देखभाल न करने और मानसिक और शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाले इस बेटे के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया जिसके बाद एक अमीर पिता के बिगड़ैल बेटे की बेईमानी सामने आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 73 वर्षीय वृद्ध महिला खार के जुहूतारा रोड इलाके में रहती हैं। उनके पति का व्यवसाय फिल्मों में फिल्मांकन के लिए आवश्यक पुरानी और प्राचीन वस्तुओं को किराए पर देना था। उनके पति की 2021 में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। महिला इस व्यवसाय को संभाल रही थी क्योंकि उसका बेटा, जो शराब का आदी था, काम में रुचि नहीं रखता था। पति ने बड़ी मेहनत से सामान रखने के लिए दो फ्लैट और एक बड़ा गोदाम खरीदा था। पिता की मौत के बाद बेटे ने अपनी माँ को परेशान करना शुरू कर दिया। उसने अपनी पत्नी और दो बच्चों को छोड़कर दूसरी शादी कर ली। पिता का कारोबार संभालना तो दूर, वह पैसों के लिए मां को धमकाने और पीटने लगा। बेटे ने माँ पर आलीशान इमारत में दो फ्लैट बेचकर पैसा देने का दबाव बनाया। जब उसने मना किया तो उसने धक्का मुक्की करते हुए माँ को पीटा। डरी हुई महिला को जबरन रजिस्ट्रेशन ऑफिस ले जाया गया और फ्लैट के लिए सेल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। उस कलयुगी बेटे ने दोनों फ्लैट बेचकर मिले करोड़ों रुपये उड़ा दिए और नतीजतन मां को किराए के मकान का सहारा लेना पड़ा।

उधर महिला के पति ने प्राचीन वस्तुओं को स्टोर करने के लिए जो साढ़े सात हजार वर्ग फीट का गोदाम खरीदा था। इसे बेचने के लिए बेटे ने एक बिल्डर से कुछ पैसे एडवांस में लिए थे। इस बारे में पता चलते ही महिला ने आख़िरकार खार पुलिस स्टेशन में बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मामले का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने बेटे के खिलाफ वरिष्ठ नागरिकों और अभिभावकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जाँच कर रही है।

# महिलाओं के नाम से फर्जी आईडी बनाने वाला गिरफ्तार

## 300 से ज्यादा महिलाओं को किया ब्लैकमेल और बदनाम

मुंबई (नि.स.)। मुंबई पुलिस ने महिलाओं के नाम से फर्जी आईडी बनाने वाले और 300 से ज्यादा महिलाओं को ब्लैकमेल और बदनाम करने वाले 25 वर्षीय शुभम कुमार मनोज प्रसाद सिंह नाम के सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। खबर है कि कॉलेज की एक छात्रा के नाम से उसने कई अश्लील इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए थे और उन पर उसके बारे में अश्लील संदेश और कहानियां पोस्ट की जा रही थीं। जैसे ही लड़की को इस बात का पता चला, उसने तुरंत दहिसर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

दहिसर पुलिस स्टेशन के साइबर सेल के अधिकारी सहायक पुलिस निरीक्षक अंकुश दांडगे और उनकी टीम ने मामले की जांच शुरू की। उन्होंने गूगल और फेसबुक से इंस्टाग्राम आईडी के बारे में जानकारी हासिल की। तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी शुभम कुमार मनोजप्रसाद सिंह को कर्नाटक से गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल पुलिस की हिरासत में है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। पूछताछ में पता चला कि सिंह ने दिल्ली के रेहान कंप्यूटर आई.टी. सेंटर से सॉफ्ट स्किल कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम में डिप्लोमा किया है। उसके मोबाइल फोन की जांच में पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। उसने विभिन्न महिलाओं और लड़कियों के नाम से 100 फर्जी ईमेल आईडी बना रखी थी।

यह भी पता चला कि उसने विभिन्न महिलाओं और लड़कियों के नाम से 11 फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना रखी थी और उनका इस्तेमाल कर रहा था। उसकी गैलरी में अन्य विभिन्न महिलाओं और लड़कियों की करीब 13,500 तस्वीरें स्क्रीनशॉट लेकर सेव की हुई थीं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक होनमाने के अनुसार, सिंह इंस्टाग्राम पर लड़कियों और महिलाओं को फॉलो करता था, उन्हें मैसेज भेजता था, ब्लैकमेल करता था और उन्हें न्यूड वीडियो कॉल करने के लिए मजबूर करने की कोशिश करता था। अगर वे मना करतीं तो वह उनकी तस्वीरों और नामों का इस्तेमाल करके फर्जी प्रोफाइल बनाता और इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ अश्लील संदेश प्रसारित करता। पुलिस ने सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 78 और 79 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 (सी) और 67 के तहत मामला दर्ज किया है। बहरहाल इस गिरफ्तारी ने साइबर अपराध और सोशल मीडिया पर महिलाओं की सुरक्षा को फिर से चर्चा में ला दिया है।

# हॉस्टल में रह रही युवती ने की आत्महत्या पीजी हॉस्टल की जांच की मांग तेज

नवी मुंबई (नि.सं.)। ऐरोली सेक्टर 1 स्थित ओमकार हाइट्स सोसायटी में एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत 22 वर्षीय युवती ने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान नंदिनी तिवारी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर की निवासी थी और नवी मुंबई के विप्रो आईटी पार्क में कार्यरत थी।

नंदिनी ऐरोली में एक पेइंग गेस्ट हॉस्टल में तीन अन्य युवतियों के साथ रह रही थी. हालांकि छुट्टी के कारण अन्य लड़कियाँ अपने-अपने घर चली गई थीं और नंदिनी कमरे में अकेली थी. सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे तक दरवाजा न खुलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. दरवाजा तोड़कर पुलिस ने जब अंदर प्रवेश किया, तो युवती का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया. प्रारंभिक जांच में रबाले पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव की बातें लिखी गई हैं. पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और विस्तृत जांच जारी है।

# तीन दिनों में पांच नाबालिग लापता तीन लड़कियों का समावेश

भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी शहर में नाबालिग बच्चों के अपहरण की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। तीन दिनों में शहर से पांच नाबालिग बच्चों के लापता होने की घटनाएं शांतिनगर इलाके से सामने आई हैं, जिनमें तीन लड़कियों का समावेश है।

शांतिनगर रोड स्थित पीरानीपाड़ा इलाके में रहने वाली तबस्सुम अंसारी का 15 साल का लड़का मो. सादिक अंसारी 12 जून को शाम 04.30 बजे घर से कहीं चला गया। लेकिन वह घर वापस नहीं आया। उसकी मां ने आरोप लगाया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। इस संबंध में उसकी मां ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शनिवार को शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। गैबीनगर स्थित इमारत में रहने वाले शफीक अहमद अंसारी की 11 साल 6 महीने की बेटी नबीहा फातिमा अंसारी और उसकी 16 साल की दोस्त अल्फिया अंसारी दोनों नाबालिग लड़कियां रात आठ बजे घर से बाहर गईं थी। लेकिन दोनों लड़कियां वापस नहीं आई। शफीक अहमद अंसारी की शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया है।

नागांव इलाके में रहने वाले अमन खान का 17 साल का सौतेला भाई मोहम्मद फैज उर्फ अयान खान सोमवार सुबह सात बजे कॉलेज गया था, लेकिन वह घर वापस नहीं आया। उसकी तलाश करने पर भी वह नहीं मिला। जिसके संबंध में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। गैबीनगर इलाके में रहने वाले इंतेखाब आलम अंसारी की 16 साल की बेटी जोया सोमवार को सुबह सात बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन वह दिन भर घर वापस नहीं आई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

# मुंबई में स्कूल की इमारत ख़तरनाक, सैकड़ों बच्चों की जान खतरे में

मुंबई (नि.स.)। सोमवार से महाराष्ट्र में नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत हुई। इस बीच खबर ये सामने आई है कि मुंबई के अंधेरी पूर्व में ओल्ड नागरदास रोड पर स्थित मुंबई महानगरपालिका स्कूल के 700 छात्रों की जान ख़तरे में है। दरअसल इस स्कूल की इमारत ख़तरनाक हालत में है और छात्रों को इसी इमारत में पढ़ना पड़ता है। बताया गया है कि स्कूल की इमारत 60 साल पुरानी है और इमारत की कई दीवारों में दरारें हैं। चूंकि इस स्कूल का स्लैब भी गिर गया है, इसलिए छात्रों और अभिभावकों में डर का माहौल है। अभिभावकों का ये आरोप है कि मुंबई मनपा का शिक्षा विभाग अभिभावकों की शिकायतों को नज़रअंदाज़ कर रहा है। अभिभावकों ने इमारत के स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की है।

# नवी मुंबई मनपा वाशी अस्पताल के शवगृह में भी रिश्वत का खेल!

**मृतक के परिजनों से 2000 की वसूली करने वाला कैमरा में कैद!**



नवी मुंबई (नि.सं.)। नवी मुंबई मनपा के अंतर्गत आने वाले वाशी जनरल हॉस्पिटल के शवगृह में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. आत्महत्या करने वाली 23 वर्षीय युवती के शव को परिजनों को सौंपते समय अस्पताल के एक कर्मचारी ने 'शव को कपड़े से लपेटकर देने' के नाम पर 2000 रुपये वसूले और यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मनसे पदाधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन के कार्यालय में जाकर विरोध प्रदर्शन किया. इस बीच अस्पताल प्रशासन ने रिश्वत लेने वाले संबंधित कर्मी को सेवा से हटा दिया गया है, बावजूद इसके लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, आमतौर पर इस तरह के मामलों में कुछ सौ रुपये की मांग की जाती रही है, जिसे लोग नजरअंदाज भी कर देते थे, लेकिन इस बार स्पष्ट तौर पर अवैध तरीके से मोटी रकम वसूली गई है. सीसीटीवी फुटेज में रिश्वतखोर कर्मचारी परिजनों से रुपये लेते हुए नजर आ रहा है, जिससे इस बार मामले को दबाना मुश्किल हो गया है. अब तक इस तरह की घटनाएं सिर्फ सुनने में आती थीं, लेकिन इस बार पुख्ता सबूत सामने आने के बाद, मनपा प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है. मृतक युवती के परिजनों ने इस घटना की शिकायत करने की तैयारी शुरू कर दी है. वहीं नागरिकों ने मांग की है कि मनपा प्रशासन इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करे।

# तीन लोगों से पौने दो लाख की ठगी टूर आयोजक के विरुद्ध मामला दर्ज

भिवंडी (नि.सं.)। पुणे के एक टूर आयोजक ने नेपाल और काशी के पर्यटन स्थलों की यात्राएं आयोजित करने का झांसा देकर भिवंडी के एक सेवानिवृत्त शिक्षक और उनके दो दोस्तों से लगभग पौने दो लाख रुपए ठग लिये. इस मामले में शिक्षक की शिकायत पर टूर कंपनी मालिक योगेश शेजुलकर के विरुद्ध भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है।

शिक्षक कृष्ण रच्चा (64) मानसरोवर, भिवंडी के साथ वीरेशम मुलबात्तिनी और राजेंद्रकुमार गाजुल इस ठगी का शिकार हुए हैं। पुलिस के अनुसार योगेश ने 19 दिसंबर 2024 से 15 जून 2025 की अवधि के बीच शिक्षक और उनके दो दोस्तों से नेपाल और काशी यात्रा के नाम पर कुल 1.77 रुपया लिया था। इसके बाद योगेश ने किसी भी तरह की यात्रा का आयोजन नहीं किया, बल्कि अपना मोबाइल बंद कर पुणे स्थित अपना कार्यालय बंद करके फरार हो गया। धोखाधड़ी का एहसास होने पर कृष्ण रच्चा की शिकायत के आधार पर 16 जून को योगेश के विरुद्ध भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है, जिसकी जांच पुलिस उपनिरीक्षक ललित केदारे कर रहे हैं।

# केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया



भिवंडी (नि.सं.)। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग के भिवंडी आयुक्तालय कार्यालय ने आठ साल पूरे कर लिए हैं। सोमवार को शहर के अंजुरफाटा स्थित मानसी गाडा डिग्री कॉलेज के शांति चंदन ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। केंद्रीय जीएसटी भिवंडी आयुक्तालय के आयुक्त संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त तारिक मबूद, नैन्सी डिसूजा, उपायुक्त सुनंद झोड़िया, सहायक आयुक्त मानस दाश और सुरेंद्र कविटकर सहित प्रतिष्ठित करदाता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर सलाहकार और केंद्रीय जीएसटी भिवंडी कार्यालय के अधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट आशुतोष त्रिवेदी और राकेश अग्रवाल ने कर प्रशासन और करदाताओं के बीच सहयोग को मजबूत और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। साथ ही जीएसटी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने पर भी बल दिया। आयुक्त संजीव कुमार सिंह ने अपने मार्गदर्शन में कार्यालय द्वारा पिछले आठ वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा की और सामने आई चुनौतियों का सामना करते हुए भविष्य के कार्यों का खाका सबके सामने रखा। उन्होंने जीएसटी प्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन और विकास में करदाताओं से सहयोग की भावना व्यक्त की। डिविजन 4 और 5 के सहायक आयुक्त सुनील प्रसाद और वसंत सोनकुसरे के नेतृत्व में जितेश नाइक और राजेश पमनानी व कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए।

# ट्रैफिक पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई से रिक्शा चालक नाराज



भिवंडी (नि.सं.)। पिछले दो दिनों से भिवंडी में ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऑटो रिक्शा चालकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिसे अनुचित कार्रवाई बताते हुए ऑटो रिक्शा चालकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। इसके विरोध में ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों ने भिवंडी ट्रैफिक विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त शरद ओहल के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

ऑटो रिक्शा चालक यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि शहर के राजनौली नाका और अशोक नगर इलाकों में ट्रैफिक पुलिस अतिरिक्त यात्रियों को ले जाने, रिक्शा चालक द्वारा वर्दी न पहनने एवं ड्राइविंग लाइसेंस न होने, परमिट न होने के आरोप में ऑटो रिक्शा चालकों के विरुद्ध 11,500 रुपए का जुर्माना लगा रही है। पिछले दो दिनों में ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसी 20 से अधिक ऑटो रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाईयां की गई हैं। जिससे ऑटो रिक्शा चालक आक्रोशित हैं। ऑटो रिक्शा चालक यूनियन के गिरीश जव्हेरी और कॉमरेड डॉ. विजय कांबले के नेतृत्व में सहायक पुलिस आयुक्त शरद ओहल से मुलाकात कर इस अनुचित कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की गई है।

यूनियन की ओर से चेतावनी देते हुए कहा गया है कि, कार्रवाई नहीं रोकी गयी तो ऑटो रिक्शा यूनियन सड़कों पर उतरकर तीव्र आंदोलन करेंगे। उक्त चेतावनी गिरीश जव्हेरी ने दी है। कॉमरेड डॉ. विजय कांबले ने कहा कि जिन ऑटो रिक्शा चालकों के पास अतिरिक्त यात्री या वर्दी और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। उनके विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन ट्रैफिक पुलिस पिछले दो दिनों से मोटर वाहन अधिनियम की धारा 66/192 के तहत सीधे परमिट न होने के आरोप में कार्रवाई कर रही है। यह अनुचित है और कानून का उल्लंघन है। वहीं कल्याण नाका ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधाकर खोत का कहना है कि, 'भिवंडी शहर में बिना किसी परमिट के नल्ला ऑटो रिक्शा चलने की शिकायत मिली थी, जिनके विरुद्ध ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। एक महीने में तकरीबन 40 नल्ला ऑटो रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई करके उन्हें जब्त कर लिया गया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना गणवेश, बिना लाइसेंस एवं ओवर सीट लेकर जाने वाले ऑटो रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है, जो कि नियमों के आधार पर हो रही है।'

BH Capital
ONE STOP SOLUTION FOR ALL YOUR BUSINESS FINANCIAL NEEDS
UNSECURED BUSINESS LOAN
UNSECURED CORPORATE LOAN
UNSECURED MACHINERY LOAN
UNSECURED WORKING CAPITAL - CC / OD FACILITY
UNSECURED SALES & PURCHASE BILL DISCOUNTING
LOAN AGAINST PROPERTY
Ajay (MBA-Finance)
9321457879
MUMBAI OFFICE: A-5, 3RD FLOOR, CHADHA APARTMENT PREMISES CO-OP. SOC. LTD., TELI GALLI CROSS LANE, OPP. GINGER HOTEL, ANDHERI (E) - 400 069.
REGISTERED OFFICE: OFFICE NO. 7, B WING, PALI HILL APARTMENT, NEAR SADHU VASWANI STATUE, GOL MAIDAN, ULHASNAGAR - 421 002.
E-mail: info@bhcapital.in | www.bhcapital.in